3120943000953 & 3120941000162 1 Under SARC Trust-11 with M/s. Jana Small Finance Bank Limited	**1) Mr. Yohesh Kumar Kushwaha, S/o. Genda Lal, 2) Mrs. Vandana Kushwaha, W/o. Yohesh Kumar Kushwaha**	**Notice Dated 24-02-2026** for a sum of **Rs.37,13,235.26** (Rupees Thirty Seven Lakh Seventy Three Thousand Two Hundred Thirty Five and Twenty Six Paise Only) **due as on 15-02-2026 Possession Type & Date: Symbolic on 22-05-2026**	**Reserve Price: Rs.45,90,000/- Bid Increment: Rs.2,00,000/- EMD Amount: Rs.4,59,000/- (10% of RP) Last date and Timings for submission of EMD: 19-11-2026 from 11.00 A.M. to 04.00 P.M.**	**Auction Date & Timings: 20-11-2026 & from 11.00 A.M. to 02.00 P.M. Inspection Date & Timings: 17-10-2026 & from 11.00 A.M. to 04.00 P.M. Encumbrances: NOT KNOWN.**	**Allvin N Tabhane - 7709564284 Mahendra Bramhane - 9029290202 Sumesh Mittal - 9993587797**
DESCRIPTION OF MORTGAGED PROPERTY: All that piece and parcel of residential House Khasra No.295/1/50. total admeasuring area of 600 Sq.ft. (55.67 Sq.mtrs.). together with RRC construction on Ground Floor 55.76 Sq.mtr. and Construction on First Floor 9.29 Sq.mtr., situated at Mauza Chota Chhindwara, N.B. No.175, P.H. No.45/16, Ward No.13, within the limits of Nagar Palika Gotegaon, Tehsil & District Narsinghpur (M.P.). **Boundary as: East by:** Road. **West by:** Plot of Yogesh Kushwaha, **North by:** House of Gran Chand Jain **South by:** House of Gudda Jain.					
3118963000154 Under SARC Trust-16 with M/s. Jana Small Finance Bank Limited	**1) Mr. Rajesh Yadav, S/o. Sharda Prasad Yadav, 2) Mrs. Kavita Rajesh Yadav, 3) Mr. Arvind Yadav, S/o. Sharda Prasad Yadav**	**Notice Dated 19-05-2026** for a sum of **Rs.37,17,329.00** (Rupees Thirty Seven Lakh Seventeen Thousand Three Hundred Twenty Nine Only) **due as on 13-05-2026 Possession Type & Date: Symbolic on 20-08-2026**	**Reserve Price: Rs.9,56,300/- Bid Increment: Rs.50,000/- EMD Amount: Rs.95,630/- (10% of RP) Last date and Timings for submission of EMD: 17-11-2026 from 11.00 A.M. to 04.00 P.M.**	**Auction Date & Timings: 18-11-2026 & from 11.00 A.M. to 02.00 P.M. Inspection Date & Timings: 24-10-2026 & from 11.00 A.M. to 04.00 P.M. Encumbrances: NOT KNOWN.**	**Allvin N Tabhane - 7709564284 Mahendra Bramhane - 9029290202 Sumesh Mittal - 9993587797**
DESCRIPTION OF MORTGAGED PROPERTY: All that piece and parcel of land bearing Part of Khasra No.1448/4, 1448/8 & 1449/1, After Mutation New Khasra No.1448/39 & 1449/23, total admeasuring area of 750 Sq.ft (69.677 Sq.mtr), together with construction thereon, situated at Ambedkar Ward No.21, Village Murwara, P.H. No.45/2, N.B. 493, within the lits of Nagar Palika Nigam Katni, R.I.C. Murwara-01, Tehsil & District Katni (M.P.). **Boundaries are as under: East:** 20 Ft. wide CC Road. **West:** 5 Ft. wide Kulia than Land of Railway, **North:** House of Bharti and **South:** House of Yadav.					

1) For detailed Terms & conditions of the sale, bid form & others may also visit website of **secured creditor/ Assignee M/s. Shriram Asset Reconstruction Private Limited** at **https://www.shriramarc.com** or website of our auction agency at **https://bankauctions.in / www.foreclosureindia.com** having Office at **Hyderabad**. For any assistance, you may email at id: **info@bankauctions.in / jayaprakash@bankauctions.in** or connect with our business paster **M/s. Jana Small Finance Bank Limited** at contact numbers given in the above table. These terms have to be signed by the bidder's along with the bid form. The present notice is also uploaded on the official website of authorised officer/secured creditor.

2) The intending bidder/s have to submit their EMD amount to be deposited by way of DD in the name of **SARC-TRUST-11** and RTGS/NEFT in favour of **SARC-TRUST-11; Bank Name: ICICI Bank Limited; Branch Address: Mumbai - Kamani Kurla West; Bank Account Number: 196205004653; IFSC Code- ICIC0001962.**

3) For **Trust-16 accounts,** DD in the name of **SARC-TRUST-16** and RTGS/NEFT in favour of **SARC-TRUST-16; Bank Name: ICICI Bank Limited; Branch Address: Mumbai - Kamani Kurla West; Bank Account Number: 196205004647, IFSC Code- ICIC0001962.**

STATUTORY 30 DAYS SALE NOTICE UNDER [RULE 9(1) PROVISOOF SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES 2002]

The borrowers/mortgagors/ guarantors are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with up to dated interest and ancillary expenses before the date of e-Auction, failing which the property will be auctioned/ sold and balance dues, if any, will be recovered with interest and cost.

Place: Jabalpur
Date: 17.10.2026

Sd/- Authorised Officer, M/s. Shriram Asset Reconstruction Private Limited (Acting in its' capacity as Trustee of SARC Trust-11)

मां सलकनपुर के दर्शन को निकली बिलाश के अंगदान के फैसले ने दिखाई जागरुकता की नई राह

अंगदान: अब गांवों में भी बदल रही सोच; अपनों को खोकर भी तीन जिंदगियों की उम्मीद बना नर्मदापुरम का परिवार

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9827363130



अंगदान को लेकर समाज में अक्सर झिझक, जानकारी का अभाव और कई तरह की आशंकाएं सामने आती हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में इस विषय पर खुलकर बातचीत और जागरूकता की जरूरत महसूस की जाती रही है। लेकिन नर्मदापुरम के ग्राम खापा खुर्द के एक मजदूर परिवार ने अपने सबसे कठिन समय में ऐसा निर्णय लिया, जो इस सोच को बदलने की ताकत रखता है। नवरात्र के दौरान मां सलकनपुर के दर्शन के लिए निकलीं बिलाश टांटी शर्मा (उर्फ शिवानी) सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं। एम्स भोपाल में उपचार के दौरान 14 अक्टूबर को उन्हें ब्रेन-स्टेम डेड घोषित किया गया। बेटी को खोने के दुख के बीच परिजनों ने अंगदान की सहमति दी। 15 अक्टूबर को उनकी एक किडनी एम्स भोपाल और दूसरी किडनी व लिवर बंसल अस्पताल में प्रत्यारोपित किए गए। इससे तीन मरीजों को जीवन बचाने या बेहतर जीवन पाने की उम्मीद मिली। यह घटना सिर्फ अंगदान का मामला नहीं, बल्कि उस बदलती सोच की मिसाल है, जिसमें किसी अपने के जाने के बाद भी दूसरों के जीवन को बचाने का संकल्प लिया जा सकता है।

अंगदान कैसे होता है, किन अंगों का कर सकते हैं दान

अंगदान की प्रक्रिया व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति और अंगों की चिकित्सकीय उपयुक्तता पर निर्भर करती है। जीवित व्यक्ति एक किडनी या लिवर का कुछ हिस्सा निर्धारित नियमों के तहत दान कर सकता है। ब्रेन-स्टेम डेथ की पुष्टि होने पर किडनी, लिवर, हृदय, फेफड़े, अग्न्याशय और आंत जैसे अंग दान किए जा सकते हैं, यदि वे चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त हों। कॉर्निया, त्वचा, हड्डी और हृदय के वाल्व जैसे ऊतक भी दान किए जा सकते हैं। ब्रेन-स्टेम डेथ की पुष्टि अधिकृत डॉक्टरों की टीम निर्धारित जांच और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार करती है। इसके बाद परिवार की सहमति और जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने पर अंग निकाले जाते हैं। अंगों का आवंटन मरीजों की चिकित्सा जरूरत, उपयुक्तता और निर्धारित प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है।

सलकनपुर की यात्रा से अस्पताल तक पहुंचा परिवार

बिलाश 10 अक्टूबर को अपने परिवार के साथ नर्मदापुरम जिले की वानखेड़ी तहसील के ग्राम खापा खुर्द से मां विजयासन देवी के दर्शन के लिए निकली थीं। रास्ते में हुए सड़क हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई। परिजन उन्हें इलाज के लिए एम्स भोपाल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया, लेकिन 14 अक्टूबर को ब्रेन-स्टेम डेथ की पुष्टि हुई। इस कठिन समय में परिवार ने अंगदान का फैसला लिया। जरूरी चिकित्सकीय प्रक्रिया और अंगों के आवंटन के बाद 15 अक्टूबर को प्रत्यारोपण किया गया। एक किडनी एम्स भोपाल में और दूसरी किडनी व लिवर बंसल अस्पताल में प्रत्यारोपित किए गए। बिलाश के अंग अब तीन मरीजों के लिए जीवन की नई संभावना बने हैं।

नवरात्र: मैहर में 14 और विंध्याचल में छह जोड़ी ट्रेनों का होगा ठहराव

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9752479963

शारदीय नवरात्र मेला 2026 के दौरान मां के दर्शन के लिए मैहर और विंध्याचल जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत भोपाल मंडल होकर गुजरने वाली 14 जोड़ी ट्रेनों को मैहर स्टेशन पर पांच मिनट और छह जोड़ी ट्रेनों को विंध्याचल स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है। मैहर में यह व्यवस्था 11 से 22 अक्टूबर तक, जबकि विंध्याचल में 11 से 26 अक्टूबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। रेलवे की इस पहल से नवरात्र के दौरान दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पहुंचने वाले यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। अतिरिक्त ठहराव से श्रद्धालु अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकेंगे और निर्धारित स्टेशनों पर उतरकर देवी दर्शन कर सकेंगे। विंध्याचल स्टेशन पर लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पाटलिपुत्र, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-डिब्रूगढ़, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी, भागलपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस को दोनों दिशाओं में दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है।

मैहर स्टेशन पर लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा, चेन्नई- छपरा, वलसाड-मुजफ्फरपुर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची, बांद्रा टर्मिनस-पटना, पुणे-बनारस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी और सूरत-छपरा एक्सप्रेस को दोनों दिशाओं में अस्थायी ठहराव दिया गया है। ये ट्रेनें मैहर स्टेशन पर पांच मिनट रुकेंगी।

इंस्टाग्राम चैट से खुला दोस्ती और ज्यादती का राज, नाबालिग ने दर्ज कराई शिकायत

दो साल पहले हुई थी मोहल्ले के युवक से दोस्ती

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9425620522

गांधीनगर इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी के साथ कथित शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ले में रहने वाले एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब परिजनों ने किशोरी का मोबाइल फोन चेक किया और इंस्टाग्राम पर युवक के साथ उसकी चैटिंग देखी।

पुलिस के मुताबिक, किशोरी स्कूली छात्रा है। करीब दो साल पहले उसकी पहचान मोहल्ले में रहने वाले एक युवक से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती हो गई और वे साथ घूमने-फिरने लगे। किशोरी ने पुलिस को बताया कि इस दौरान युवक ने उसका शारीरिक शोषण किया। कुछ दिन पहले परिजनों ने किशोरी का मोबाइल फोन चेक किया तो उन्हें इंस्टाग्राम पर युवक के साथ बातचीत मिली। इस संबंध में पूछताछ करने पर किशोरी ने युवक से दोस्ती और उसके द्वारा किए गए कथित शोषण के बारे में बताया।

लोको रखरखाव में बढ़ेगी दक्षता

भोपाल। पश्चिम मध्य रेल ने लोको रखरखाव को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी नवाचार की पहल की है। इटारसी स्थित विद्युत लोको शेड में पुराने पुर्जों का पुनः उपयोग कर बिना अतिरिक्त खर्च के पोर्टेबल टेस्टिंग यूनिट विकसित की गई है। वहीं, तुगलकाबाद के विद्युत लोको शेड में डैम्पर की जांच के लिए आधुनिक, धूल-मुक्त और ध्वनि-रोधी केबिन तैयार किया गया है। इटारसी विद्युत लोको शेड की इलेक्ट्रॉनिक्स लैब के कर्मचारियों ने अनुपयोगी पुराने उपकरणों के पुर्जों से पोर्टेबल पावर थाइरिस्टर टेस्टिंग यूनिट बनाई है।

एमपी बोर्ड उपलब्ध कराएगा मॉडल प्रश्नपत्र

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9893231327

एमपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विषयवार मॉडल प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इसके साथ ही गत वर्षों के टॉपर्स की उत्तर पुस्तिकाएं भी अपलोड की जाएंगी। इनकी मदद से विद्यार्थी परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रारूप, प्रश्नों के प्रकार और उत्तर लिखने के तरीके को समझ सकेंगे। मंडल की इस पहल से विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले अभ्यास करने और अपनी तैयारी का आकलन करने का अवसर मिलेगा।

मॉडल प्रश्नपत्रों और टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाओं के जरिए विद्यार्थी यह जान सकेंगे कि परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जा सकते हैं और विभिन्न प्रश्नों के अंक विभाजन के अनुसार उत्तर किस प्रकार तैयार करने हैं। अक्सर विद्यार्थियों के सामने प्रश्नपत्र के प्रारूप को समझने और निर्धारित समय में सभी प्रश्न हल करने की चुनौती रहती है। ऐसे में इन प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास उनकी तैयारी को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

पैटर्न समझने के लिए पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे प्रश्नपत्र

मंडल के मॉडल प्रश्नपत्रों से विद्यार्थी वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के स्वरूप को समझ सकते हैं। इसके साथ ही वे निर्धारित समय में प्रश्न हल करने का अभ्यास भी कर सकते हैं। इससे उन्हें अपनी कमजोरियों की पहचान करने और परीक्षा से पहले संबंधित विषयों की दोबारा तैयारी करने में मदद मिलेगी। विद्यार्थी अपनी उत्तर लेखन क्षमता और समय प्रबंधन को भी बेहतर बना सकेंगे। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी कक्षा और विषय के अनुसार मॉडल प्रश्नपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

> 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की वर्ष भर की मेहनत का फल परीक्षा में मिलता है। ऐसे में उन्हें समय प्रबंधन के साथ सटीक उत्तर देने होते हैं। मंडल द्वारा मॉडल प्रश्नपत्र और टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाएं वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि विद्यार्थी परीक्षा का प्रारूप समझ सकें।
>
> **-बुद्धेश वैद्य,** सचिव, एमपी बोर्ड

विविध

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग

आयुष्मान प्रोत्साहन राशि में विसंगतियां दूर करने संघ ने सौंपा ज्ञापन



पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और आयुष्मान प्रोत्साहन राशि वितरण में विसंगतियों को लेकर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ, जिला स्वास्थ्य समिति ने संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

संघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पनगरहा ने बताया कि कर्मचारियों की सर्विस बुक का ऑनलाइन अनुमोदन, समयमान वेतनमान के प्रकरणों का निराकरण, निर्धारित वर्दी उपलब्ध कराने, रिक्त पदों पर भर्ती और पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति देने की मांग की गई है। इसके अलावा आवासीय परिसर में साफ-सफाई, स्टाफ पर्ची काउंटर पर कथित अभद्र व्यवहार पर कार्रवाई तथा कर्मचारियों और उनके आश्रितों को नियमानुसार साइड रूम की सुविधा देने की मांग उठाई गई। संघ ने कहा कि विभिन्न वार्डों और विभागों में कार्यरत कुछ पदनामों के कर्मचारियों को आयुष्मान प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है, जबकि वितरित राशि में भी अंतर सामने आया है।

संघ ने पात्रता की निष्पक्ष समीक्षा और वितरण के आधार को स्पष्ट करने की मांग की। ज्ञापन के दौरान प्रदेश महामंत्री अजय कुमार दुबे, विपिन पीपरे, ओमप्रकाश पनगरहा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ ने सभी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने का आग्रह किया।

31 से होगी जिला कुमार, किशोर और अभिमन्यु कुश्ती स्पर्धा

जबलपुर। जिला इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ द्वारा जिला कुमार, जिला किशोर एवं जिला अभिमन्यु कुश्ती स्पर्धा का आयोजन 31 अक्टूबर और 1 नवंबर 2026 को विस्थापित बस्ती शिवाजी नगर, मांडवा, रामपुर में किया जाएगा। इस संबंध में 16 अक्टूबर को पंचायती अखाड़ा धनपत सिंह पूरन सिंह उस्ताद अखाड़े में संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी किशोर जायसवाल ने की। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन यादव की उपस्थिति में प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सदस्यों ने समर्थन दिया। अर्जुन यादव ने बताया कि प्रतियोगिता विभिन्न भार वर्गों में आयोजित होगी। विजेता पहलवानों को नकद राशि, शील्ड और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विजेताओं को जिला कुमार, जिला किशोर एवं जिला अभिमन्यु के खिताब प्रदान किए जाएंगे। बैठक में अरुण चंद्रवंशी, प्रवीण धनगर, राजकमल चक्रवर्ती, किशोरी लोधी, जयवीर सिंह, राकेश यादव, नर्मद काछी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

दशहरे पर राजपूत सभा करेगी शक्ति एवं शस्त्र पूजन

20 अक्टूबर को गोरखपुर स्थित सभा भवन में होगा आयोजन

पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in

प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार राजपूत सभा जबलपुर द्वारा दशहरे के पावन अवसर पर शक्ति एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष कार्यक्रम मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 को सुबह 11:30 बजे राजपूत सभा भवन, गोरखपुर इमलीपुरा में संपन्न होगा।सभा की ओर से समस्त राजपूत समाज के बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। आयोजकों ने कहा कि शक्ति एवं शस्त्र पूजन परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, आपसी सद्भाव और संगठन की भावना को मजबूत करना है। राजपूत सभा ने समाज के सभी सदस्यों से उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने तथा सामाजिक एकजुटता का परिचय देने की अपील की है।

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय जबलपुर म.प्र.

क्रमांक/चिकि. क्रय/2026/5389 | जबलपुर दिनांक 14.10.2026

NOTICE INVITING TENDERS (NIT)

चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय जबलपुर म.प्र. द्वारा विभिन्न निविदाये निविदाकर्ताओं से आमंत्रित की जाती हैं! निविदा की शर्ते एवं महत्वपूर्ण तिथियों/अमानत राशि की जानकारी ऑनलाइन www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

1	अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विभिन्न निर्माताओं एवं स्टॉकिस्ट से चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय जबलपुर म.प्र. में मेडिकल ऑक्सीजन, कार्बन डाय- ऑक्साइड, एवं नाइट्रस ऑक्साइड की आपूर्ति हेतु द्वितीय निविदा 18 माह हेतु आमंत्रित की जाती है।
2	आउटसोर्स के माध्यम से चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के उपचार में लगने वाले Arthroplasty अस्थि इम्प्लान्ट Day to Day क्रय हेतु निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से तृतीय ई-निविदा आमंत्रण हेतु ऑनलाईन बेवसाईड www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3	आउटसोर्स के माध्यम से चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के उपचार में लगने वाले Arthroscopy अस्थि इम्प्लान्ट Day to Day क्रय हेतु निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से तृतीय ई-निविदा आमंत्रण हेतु ऑनलाईन बेवसाईड www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

जी-20127/26
सायबर क्राइम सुरक्षा हेल्पलाइन नं. - 1930

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय,
जबलपुर

मेसर्स श्रीराम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (SARPL)

SHRIRAM Asset Reconstruction

[विभिन्न SARPL ट्रस्टों के ट्रस्टी के तौर पर काम करते हुए]
रजिस्टर्ड ऑफिस: श्रीराम हाउस, नंबर 4, बर्किट रोड, टी. नगर, चेन्नई-600017। कॉर्पोरेट ऑफिस: यूनिट नंबर FF-A-05, A विंग, पहली मंज़िल, आर्ट गिल्ड हाउस, फीनिक्स मार्केट सिटी, LBS मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई-400070
वेबसाइट: www.shriramarc.com; कस्टमर केयर नंबर: 1800 120 2389; ईमेल: customercare@shriramarc.com

सार्वजनिक सूचना: अचल संपत्ति की ई-नीलामी-सह-बिक्री की सूचना
'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' के तहत अचल संपति की बिक्री के लिए नीलामी; साथ ही 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 6, 8 (6) और 9 के प्रावधानों और 'अपेंडिक्स-IV-A' के अनुसार।

आम जनता और विशेष रूप से उधारकताओं, गारंटरों और बंधककताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां, जो 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक/चार्ज थीं, अब 'मे. श्रीराम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड' (जिसे आगे "SARPL" कहा गया है) के पास आ गई हैं। SARPL विभिन्न SARPL ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रहा है (पंजीकृत असाइनमेंट समझौतों के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों के हस्तांतरण के बाद)। SARFAESI अधिनियम की धारा (5) के तहत, SARPL ने मूल ऋणदाता/असाइनर 'मे. जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड' (JSFBL) से इन उधारकताओं (जिनमें नीचे बताए गए उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता शामिल हैं) से जुड़ी वित्तीय संपत्तियों और उनसे जुड़ी सुरक्षा तथा उन पर मौजूद सभी अधिकारों और हितों को अधिग्रहित कर लिया है। मूल ऋणदाता/असाइनर और/या 'मे. श्रीराम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड' (जो विभिन्न SARPL ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' है) के अधिकृत अधिकारी ने इन संपत्तियों का सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। अब, बकाया राशि (जिसमें आगे का ब्याज, शुल्क, लागत, खर्च आदि शामिल हैं) की वसूली के लिए, इन संपत्तियों को नीचे दिए गए नीलामी कार्यक्रम के अनुसार ''जैसी है, जहाँ है'' ''जैसी है, वैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। यह प्रक्रिया 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 8(6) और नियम 9(1) के प्रावधानों के अनुसार की जा रही है। उधारकताओं, सह-उधारकताओं और बंधककताओं का विवरण, बकाया राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर मौजूद कोई भी भार, आरक्षित मूल्य, बयाना राशि बोली में वृद्धि, नीलामी की तारीख और निरीक्षण की तारीख नीचे दी गई है :

लोन अकाउंट नंबर, ट्रस्ट का नाम और असाइनर/मूल ऋणदाता का नाम	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता का नाम	13(2) डिमांड नोटिस की तारीख और रकम, साथ ही कब्जे से जुड़ी जानकारी	रिजर्व प्राइस, EMD, बोली बढ़ोतरी, बोली फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि	नीलामी और निरीक्षण की तारीख और समय	संपर्क व्यक्ति एओ और सर्विस प्रोवाइडर का विवरण
31209430000953 & 31209410001621 मे. जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ SARC ट्रस्ट-11 के तहत	1) श्री योहेश कुमार कुशवाह, पुत्र गेंदा लाल, 2)श्रीमती वंदना कुशवाह, पत्नी योहेश कुमार कुशवाह	नोटिस दिनांक 24-02-2026 37,73,235.26 रुपये (सैंतीस लाख तिहत्तर हजार दो सौ पैंतीस रुपये और छब्बीस पैसे मात्र) 15-02-2026 तक देय कब्जे का प्रकार और तारीख: 22-05-2026 को सांकेतिक कब्जा	रिजर्व प्राइस: 45,90,000/- रुपये बिड इंक्रीमेंट: 2,00,000/- रुपये EMD राशि: 4,59,000/- रुपये (रिजर्व प्राइस का 10%) EMD जमा करने की अंतिम तारीख और समय: 19-11-2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक	नीलामी की तारीख और समय: 20-11-2026 और सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निरीक्षण की तारीख और समय: 17-10-2026 और सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक देनदारियां/बोझ: ज्ञात नहीं।	ऑल्विन एन तभाने - 7709564284 महेन्द्र ब्रम्हणे - 9029290202 सुमेश मित्तल - 9993587797
गिरवी रखी गई संपति का विवरण: आवासीय संपत्ति, खसरा नंबर 295/1/50, जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट (55.67 वर्ग मीटर) है। इसमें ग्राउंड फ्लोर पर 55.76 वर्ग मीटर का आर.आर.सी. (RRC) निर्माण और पहली मंजिल पर 9.29 वर्ग मीटर का निर्माण शामिल है। यह संपत्ति मौजा छोटा छिंदवाड़ा, एन.बी. नंबर 175, पी.एच. नंबर 45/16, वार्ड नंबर 13 में स्थित है, जो नगर पालिका गोटेगांव (तहसील और जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश) की सीमा के अंतर्गत आती है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में योगेश कुशवाहा का प्लॉट, उत्तर में ज्ञान चंद जैन का घर, और दक्षिण में गुड्डा जैन का घर।					
31189630000154 मे. जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ SARC ट्रस्ट-16 के तहत	1) श्री राजेश यादव, पत्नी शारदा प्रसाद यादव, 2)श्रीमती कविता राजेश यादव, 3) श्री अरविन्द यादव, पत्नी शारदा प्रसाद यादव	19-05-2026 का नोटिस, 37,17,329.00 रुपये (सैंतीस लाख सत्रह हजार तीन सौ उनतीस रुपये मात्र) की राशि के लिए, जो 13-05-2026 तक देय थी। कब्जे का प्रकार और तारीख: 20-08-2026 को सांकेतिक कब्जा	रिजर्व प्राइस: 9,56,300/- रुपये बिड इंक्रीमेंट: 50,000/- रुपये EMD राशि: 95,630/- रुपये (रिजर्व प्राइस का 10%) EMD जमा करने की अंतिम तारीख और समय: 17-11-2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक	नीलामी की तारीख और समय: 18-11-2026 और सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निरीक्षण की तारीख और समय: 24-10-2026 और सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक देनदारियां/बोझ: ज्ञात नहीं।	ऑल्विन एन तभाने - 7709564284 महेन्द्र ब्रम्हणे - 9029290202 सुमेश मित्तल - 9993587797
गिरवी रखी गई संपति का विवरण: यह पूरी जमीन, जो खसरा नंबर 1448/4, 1448/8 और 1449/1 के कुछ हिस्सों से बनी है (म्यूटेशन के बाद नए खसरा नंबर 1448/39 और 1449/23), जिसका कुल क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट (69.677 वर्ग मीटर) है, और जिस पर निर्माण भी हुआ है, वह अंबेडकर वार्ड नंबर 21, ग्राम मुरवारा, पीएच नंबर 45/2, N.B. 493 में स्थित है। यह क्षेत्र नगर पालिका निगम कटनी, R.I.C. मुरवारा-01, तहसील और जिला कटनी (म.प्र.) की सीमाओं के अंतर्गत आता है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व में 20 फुट चौड़ी उउ सड़क, पश्चिम में 5 फुट चौड़ी 'कुलिया' (रास्ता/नाली) और उसके बाद रेलवे की जमीन, उत्तर में भारती का घर, और दक्षिण में यादव का घर।					

1) बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों, बोली लगाने के फॉर्म और अन्य जानकारी के लिए, आप सिक्योर्ड क्रेडिटर/असाइनी/Shriram Asset Reconstruction Private Limited की वेबसाइट https://www.shriramarc.com या हैदराबाद में स्थित हमारी नीलामी एजेंसी की वेबसाइट https://bankauctions.in / www.foreclosureindia.com पर जा सकते है। किसी भी मदद के लिए, आप info@bankauctions.in /jayaprakash@bankauctions.in पर ईमेल कर सकते हैं या ऊपर दी गई टेबल में बताए गए नंबरों पर हमारे बिजनेस पार्टनर M/s. Jana Small Finance Bank Limited से संपर्क कर सकते हैं। बोली लगाने वालों को बोली फॉर्म के साथ इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। यह सूचना अधिकृत अधिकारी/सिक्योर्ड क्रेडिटर की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है।
2) बोली लगाने के इच्छुक लोगों को अपनी EMD राशि जमा करनी होगी। यह राशि SARC-TRUST-11 के नाम पर DD के जरिए या SARC-TRUST-11 के पक्ष में RTGS/NEFT के जरिए जमा की जा सकती है; बैंक का नाम: ICICI Bank Limited; ब्रांच का पता: Mumbai - Kamani Kurla West;बैंक अकाउंट नंबर: 196205004653; IFSC कोड- ICIC0001962
3) SARC-TRUST-16 के लिए, यह राशि SARC-TRUST-16 के नाम पर DD के जरिए या SARC-TRUST-16 के पक्ष में RTGS/NEFT के जरिए जमा की जा सकती है; बैंक का नाम: ICICI Bank Limited; ब्रांच का पता: Mumbai - Kamani Kurla West;बैंक अकाउंट नंबर: 196205004647; IFSC कोड- ICIC0001962

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के नियम 9(1) के तहत कानूनी 30 दिनों की बिक्री सूचना
उधारकताओं/गिरवी रखने वालों/गारंटर को सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी की तारीख से पहले ऊपर बताई गई राशि, साथ ही अब तक का ब्याज और अन्य खर्चों का भुगतान करें। ऐसा न करने पर प्रॉपर्टी की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बाकी बची हुई राशि (यदि कोई हो) ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

स्थान : जबलपुर
दिनांक : 17.10.2026

एसडी/- ऑथराइज्ड ऑफिसर, श्रीराम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(SARC ट्रस्ट-11 के ट्रस्टी के तौर पर काम करते हुए)

मत्स्य पालन योजनाओं के लिए 30 तक आवेदन

सिवनी। अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को मत्स्य पालन और इससे जुड़े व्यवसायों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 2026-27 के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक हितग्राही 30 अक्टूबर 2026 तक कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग, सिवनी में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह जानकारी उप संचालक मत्स्योद्योग सहदेव नागले ने दी है।

अंतरिक्ष में बड़े शीशे लगाकर रात में सूरज के प्रकाश से होगी धरती रोशन

रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल व स्काईरूट एयरोस्पेस की तैयारी

एजेंसी • वॉशिंगटन
editor@peoplessamachar.co.in

अमेरिकी स्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल रात में धरती के चुनिंदा स्थानों को सूरज की रोशनी से रोशन करेगी। इसके लिए पृथ्वी की कक्षा में बड़े शीशे लगाए जाएंगे। कैलिफोर्निया की यह स्टार्ट-अप भारत की स्काईरूट एयरोस्पेस की मदद से सैटेलाइट लॉन्च करेगी। दोनों कंपनियों के बीच दो लॉन्च का कॉन्ट्रैक्ट हुआ है। इन सैटेलाइट से आपदा प्रभावित इलाकों में खोज और बचाव अभियान के लिए रोशनी दी जा सकेगी।



रात में कैसे खिलेगी धूप?

रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल ऐसे सैटेलाइट का ग्रुप तैयार करना चाहती है, जिनमें बड़े रिफ्लेक्टिंग मिरर लगे होंगे। ये शीशे सूरज की रोशनी को धरती की खास जगहों की तरफ मोड़ेंगे। इस रोशनी की मदद से रात में भी करीब 5 किमी के क्षेत्र में उजाला किया जा सकेगा।

कब्जा सूचना

जबकि, जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ताओं(ओं) को मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें उधारकर्ताओं से कहा गया है कि वे संबंधित नामों के सामने उल्लिखित राशि को उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर उक्त नोटिसों में उल्लिखित लागू दरों पर ब्याज के साथ चुकाएं, साथ ही भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के रूप में भविष्य के ब्याज का भुगतान करें।

क्रमांक	ऋण संख्या	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता	13(2) नोटिस तिथि/बकाया राशि (रु. में)	दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार
1	31200430000086	1) श्री सुखलाल यादव पुत्र गौरी शंकर यादव, 2) श्रीमती मीना यादव, पत्नी सुखलाल यादव	20.07.2026 को 3,99,613.82 रुपये (तीन लाख निन्यानवे हजार छह सौ तेरह रुपये और बयासी पैसे मात्र) 13.07.2026 की स्थिति के अनुसार	दिनांक: 15.10.2026 समय: 12:10 PM सांकेतिक कब्जा
	संपत्ति का विवरण: खसरा नंबर 476/1 का एक हिस्सा, जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट (83.64 वर्ग मीटर) है, और इस पर बना निर्माण। यह संपत्ति मौजा जुझारी, पी.एच. नंबर 78/15, आर.एन.एम. खितौला, तहसील सिहोरा और जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व में NH-7 रोड, पश्चिम में रवि कच्छी का घर, उत्तर में मैकू राम का घर और दक्षिण में धनीराम का घर है।			

चूंकि ऊपर उल्लिखित ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित ऋणी और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को अपने सांकेतिक कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को एतद्वारा आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थानः जबलपुर
दिनांक : 15.10.2026

हस्ते/-अधिकृत अधिकारी
जना स्माल फायनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

जना स्मॉल फायनेंस बैंक (एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)
पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे क्रमांक 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, चल्लघट्टा, बेंगलुरु-560071 ब्रांच ऑफिसः प्लॉट नंबर 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (म.प्र.)-462011